RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 65 | नागौर, 29 जनवरी, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

अखिलेश का बड़ा ऐलान

## 15 दिनों में होगा गन्ने का भुगतान, 300 यूनिट बिजली मुफ्त : अखिलेश



लखनऊ।

समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान अखिलेश यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, बाबा टिकैत और अजीत सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने समय-समय पर सरकार को जगाने का काम किया है। मुझे खुशी है कि जयंत चौधरी और हम लोग मिलकर के उस विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि यह चुनाव जहां किसान और नौजवान के भविष्य का है, व्यापार को आगे बढ़ाने का है। वहीं चौधरी चरण सिंह जी की विरासत को आगे बढ़ाने का भी है, जो किसानों को संपन्न बनाना चाहते थे। उन्होंने किसानों के लिए सपना देखा था कि वो संपन्न हों। इस दौरान अखिलेश यादव ने कृषि कानूनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों ने एकजुट होकर सरकार को कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा आज भी नहीं कह सकती है कि वो तीन कानून क्यों लागू किए थे और उन्हें वापस क्यों ले लिए ? मैं बता दूं कि भाजपा ने वोट के लिए कानून वापस लिया है। इसलिए मैं किसान भाईयों को यहां पर सावधान करना चाहता हूं कि भाजपा बिना बताए भी कुछ ऐसे फैसले और कानून ला सकती है। ऐसे में रालोद और सपा गठबंधन के माध्यम से किसानों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि कोई भी ऐसे काले कानून कभी भी उत्तर प्रदेश में लागू नहीं हो पाएंगे जो भाजपा की नीयत है और मंशा है।

### सपा-रालोद की होगी जीत

सपा प्रमुख ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं भाजपा को याद दिलाना चहाता हूं कि अब जब चुनाव आ गया है तो अपना संकल्प पत्र पढ़ें और देंखें कि जो वादे उन्होंने किए वह पूरे हुए या नहीं। उनका हर वादा जुमला निकला, झूठे विज्ञापन दिए। मुझे उम्मीद है कि इस बार सपा-रालोद की जीत होने जा रही है।

### गठबंधन ने किए कई ऐलान

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा-रालोद की सरकार बनने पर 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त में दी जाएगी। सिंचाई के लिए बिजली माफ होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गन्ने का भुगतान 15 दिनों के भीतर होगा और किसानों को 15 दिनों से ज्यादा का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## प्रदेश में ठंड नहीं हुई कम, माउंट में लगातार पांचवें दिन -3 डिग्री तापमान

जयपुर.

दिन में तेज धूप निकलने से भले ही लोगों को राहत मिल रही हो, लेकिन रात के तापमान में गिरावट के कारण सर्दी का असर कम नहीं हो रहा है। प्रदेश में लगातार पांचवें दिन शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है। करौली, चित्तौड़गढ़ में बीती रात पारा जमाव बिंदु के नजदीक पहुंच गया। हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार पांचवें दिन भी पारा -3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आज राज्य के 12 से ज्यादा शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर मौसम केन्द्र की रिपोर्ट देखें तो आज करौली, चूरू, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, फतेहपुर, सीकर समेत कई जगह बीती रात तापमान 3 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे रहा। यहां रात में गलन भरी सर्दी से लोग ठिठुर गए। करौली, चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान लुढ़ककर जमाव बिंदु के नजदीक पहुंच गया। वहीं जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर समेत उत्तरी राजस्थान के कई जिलों में लगातार हल्की गति से सर्द हवाएं चल रही है। रात में भले ही तेज सर्दी से लोग परेशान हो, लेकिन दिन में तेज धूप से लोगों को काफी राहत मिल रही है। हनुमानगढ़, सीकर को छोड़ दें तो शेष सभी शहरों में दिन का तापमान अब 20 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया है। गुरुवार को दिन का सबसे ज्यादा तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर जिले में दर्ज हुआ।

एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला

# सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्वेशन के पैमानों में दखल से इनकार किया, कहा- इसे राज्य तय करें, पर रिव्यू करते रहें

नई दिल्ली.

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इसके पैमाने तय करने में दखलंदाजी से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते हैं, यह राज्यों को करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें रिजर्वेशन तय करने से पहले इसका डेटा इकट्ठा करें। अदालत ने कहा कि सरकारें समय-समय पर यह समीक्षा भी करें कि एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण में सही प्रतिनिधित्व मिला है या नहीं। इस रिव्यू के लिए एक अवधि भी तय करनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 2006 के नागराज और 2018 के जरनैल सिंह मामले में संविधान पीठ के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट कोई नया पैमाना नहीं बना सकती है। केंद्र और राज्यों से जुड़े आरक्षण के मामलों में स्पष्टता पर सुनवाई 24 फरवरी से शुरू होगी।

### क्या कहा कोर्ट ने?

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायधीशों की पीठ की कर रही थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव, संजीव खन्ना और बी आर गवई की बेंच ने कहा कि संबंधित राज्य सरकार एम नागराज बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट के 2006 के फैसले में निर्धारित डेटा एकत्र करने के लिए बाध्य है। कोर्ट ने कहा, पहले के फैसलों में तय आरक्षण के प्रावधानों और पैमाने में हम कोई दखल नहीं दे सकते हैं। राज्य एससी-एसटी जनजातियों के कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले क्वॉन्टेटिव डेटा जुटाने के लिए बाध्य है। एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण में सही प्रतिनिधित्व मिला है या नहीं। इस रिव्यू के लिए एक अवधि भी तय करनी चाहिए। हमने इसकी मापदंड का आकलन करने के लिए इसे राज्य पर छोड़ दिया है।

### अक्टूबर 2021 को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने प्रोमोशन में आरक्षण के मामले में 26 अक्टूबर 2021 को फैसला सुरक्षित रखा था। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के वकील ने दलील देते हुए कहा था, ये भी एक सच्चाई है कि आज़ादी के 75 सालों बाद भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अगड़ी जातियों के समान योग्यता के स्तर पर नहीं लाया जा सका है।

### 2017 से अटका है प्रमोशन में आरक्षण का मामला

केंद्र और राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी कि प्रमोशन में आरक्षण मामलों पर तत्काल सुनवाई की जाए। याचिकाकर्ता के मुताबिक कोर्ट में लंबित मामले की वजह से देश भर में लाखों पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई हैं। राज्यों की तरफ से कोर्ट में ये दलील दी गई थी कि केंद्र सरकार के स्तर पर नियमित पदों के लिए प्रमोशन हुआ था लेकिन 2017 से ही देश भर में आरक्षित पदों पर प्रोमोशन की प्रक्रिया रुकी हुई है। यह पूरा मामला सरकारी नौकरियों में दिये जाने वाले प्रोमोशन में आरक्षण के मुद्दे से जुड़ा है। केंद्र और राज्य सरकार, इस मामले में शीर्ष अदालत में कई याचिका दायर कर चुकी हैं। ये सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के दो फैसलों से जुड़ी है। इन फैसलों पर कोर्ट ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए एक गाइडलाइन जारी की थी कि सरकारी नौकरियों में प्रोमोशन देने का क्या पैमाना होना चाहिए। कोर्ट के इस गाइडलाइन को पूरा करने में दोनों राज्यों की सरकारों को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद दोनों सरकारों के तरफ से शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर किया गया। जिसमें कहा गया है कि प्रमोशन में आरक्षण के मामले में अभी अस्पष्टता है, जिस कारण तमाम नियुक्तियां रुकी हुई हैं।

## राष्ट्रभक्ति से बड़ी कोई भक्ति नहीं होती, युवा हमारे संकल्पों को करेंगे पूरा : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेशनल कैडेट कॉर्प्स रैली को दिल्ली के करिअप्पा ग्राउंड में संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस समय देश अपनी आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। और जब एक युवा देश, इस तरह के किसी ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनता है, तो उसके उत्सव में एक अलग ही उत्साह दिखता है। यही उत्साह मैं अभी करियप्पा ग्राउंड में देख रहा हूं। मोदी ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूँ। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है। मोदी ने जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रभक्ति से कोई भक्ति बड़ी नहीं हो सकती।





अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे देश मजबूत दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है, हम एनसीसी को और सशक्त बनाने के लिए भी कदम उठा रहे हैं। एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति का गठन किया गया है। पिछले 2 वर्षों में, हमने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 1 लाख नए कैडेट विकसित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश भर के 90 विश्वविद्यालयों ने एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना है। यहां गर्ल कैडेट्स की संख्या दर्शाती है कि भारत के विचार बदल रहे हैं। देश को आपकी भागीदारी और सेवा की जरूरत है और कई क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अपार अवसर हैं। अब देश की बेटियाँ सैनिक स्कूलों में एड्मिशन ले रही हैं। सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियाँ मिल रही हैं।

एयरफोर्स में देश की बेटियाँ फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियाँ शामिल हों। मोदी ने आगे कहा कि आज जब दुनिया भारत को इतनी आशा और आकांक्षाओं से देख रही है, भारत अपने प्रयासों में कमजोर नहीं हो सकता।

आज, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हैं, हमारे युवा यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि हम अपनी गति को जारी रखें। उन्होंने कहा कि भारत के युवा स्टार्ट-अप के मामले में देश को दुनिया के टॉप-3 में ले गए हैं। आज इस समय जितने भी युवक-युवतियां हृष्टष्ट में हैं, हृस्स में हैं, उसमें से ज्यादातर इस शताब्दी में ही पैदा हुए हैं। आपको ही भारत को 2047 तक लेकर जाना है। इसलिए आपकी कोशिशें, आपके संकल्प, उन संकल्पों की सिद्धि, भारत की सिद्धि होगी, भारत की सफलता होगी। उन्होंने कहा कि जिस देश का युवा, राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है, उसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। आज खेल के मैदान में, भारत की सफलता भी इसका एक बड़ा उदाहरण है।

ख्वाजा साहब का 810वां सालाना उर्स

## आज औपचारिक शुरुआत



अजमेर।

राजस्थान के अजमेर में विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 810वें सालाना उर्स की औपचारिक शुरुआत शनिवार की शाम को हो जायेगी। सालाना उर्स का झण्डा 29 जनवरी असर की नमाज के बाद लेकिन रोशनी से पहले परम्परागत तरीके से दरगाह के बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया जाएगा। भीलवाड़ा का लाल मोहम्मद गौरी परिवार झण्डे की रस्म को वर्ष 1944 से निभाता आ रहा है। गौरी परिवार के पोते अजमेर पहुंच गए हैं और दरगाह कमेटी के साथ मिलकर झण्डे की रस्म की तैयारियां कर रहे हैं। झंडे की रस्म के साथ ही सालाना उर्स की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी और जायरीनों का आना भी शुरू हो जाएगा। कोरोना गाइडलाइंस के पालन में उर्स आयोजन की परस्पर सहमति के बावजूद खादिमों की संस्थाओं ने रात्रिकालीन बंदिशों और वीकेंड कर्फ्यू में छूट की मांग प्रशासन व सरकार से की है।

### रात में ही होती हैं उर्स की अधिकतर रस्में

देश में परिवहन व्यवस्था सुचारू होने से दरगाह के पक्षों ने प्रशासनिक बैठक में जायरीनों को रोक पाने में लाचारी जाहिर कर दी है। दौरान-ए-उर्स अधिकांश रस्में रात में ही होती हैं और दरगाह पूरी रात हर दृष्टि से गुलजार रहती है। उल्लेखनीय है कि रजब माह का चांद दिखाई देने पर सालाना उर्स का विधिवत आगाज दो या तीन फरवरी से होगा।

## रीट की सीबीआई जांच नहीं होगी : शिक्षा मंत्री

**जयपुर।** रीट पेपर लीक मामले में एसओजी के खुलासे के बाद परीक्षा रद्द करने और सीबीआई जांच की मांग उठने लगी है। इस मामले में शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने साफ तौर पर कह दिया है कि परीक्षा में ऐसी कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, इसलिए इसकी सीबीआई जांच नहीं करवाई जाएगी। बीकानेर पहुंचने पर दैनिक भास्कर ने शिक्षा मंत्री से रीट और बोर्ड व दूसरी परीक्षाओं को लेकर बातचीत की। शिक्षा मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि रीट में नकल करने का प्रयास हुआ था, लेकिन पुलिस ने समय पर नकल करने के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। स्ट्रॉन्ग रूम से पेपर गायब होने के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसा कोई इनपुट राज्य सरकार के पास नहीं है। परीक्षा में नकल की जांच सीबीआई से करवाने के सवाल पर कल्ला ने कहा कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं कि सीबीआई से जांच करवानी पड़े। उन्होंने एसओजी की जांच पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एसओजी बहुत अच्छे से काम कर रही है।

**कोरोना पर निर्भर बोर्ड परीक्षा**-डॉ. कल्ला ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की परीक्षाओं का कार्यक्रम तय है। इस बीच यदि कोरोना के केस बढ़ते हैं तो परीक्षा की तारीख में बदलाव या फेरबदल किया जा सकता है। कोरोना रोगियों की संख्या कम हो गई तो तय समय पर परीक्षा होगी।

राजस्थान में कोरोना के केस घटे

## 8 हजार 125 नए मरीज मिले, 21 की मौत

जयपुर

राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के केस और संक्रमण दर में कमी आई है। पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 8125 नए केस मिले हैं, जबकि 21 मरीजों की मौत हुई है। 12 जनवरी के बाद राज्य में कोरोना के केस की संख्या 9 हजार से भी कम आई है। वहीं आज संक्रमण दर में भी गिरावट हुई है। राज्य में शुक्रवार को मरीज भी 14 हजार 884 लोग रिकवर हुए है। इसके बाद एक्टिव केस की संख्या घटकर 80 हजार 844 पर पहुंच गई। राजस्थान मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो आज जिलेवार सबसे ज्यादा मरीज जयपुर में 2300 मिले हैं, जबकि 5 लोगों की मौत हुई है। जयपुर के अलावा जोधपुर में 707, उदयपुर 657, कोटा 458, अलवर 408 और भरतपुर में 478 नए केस मिले हैं। वहीं जयपुर के अलावा जोधपुर में भी आज 5 मरीजों की मौत हुई है। इसके अलावा अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर, झालावाड़ में 2-2 और उदयपुर, नागौर, करौली में एक-एक मरीज की मौत हुई है। राजस्थान में कोरोना की अब तक की स्थिति देखें तो 11 लाख 79,554 लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 10 लाख 89 हजार 864 लोग रिकवर हो चुके हैं। वहीं 9 हजार 202 मरीजों की जान जा चुकी है।

### 3 जिलों में 10 से कम मरीज

राज्य में आज सिरोही, जालोर और करौली ऐसे जिले रहे, जहां 10 से भी कम मरीज मिले हैं। इस कारण आज इन जिलों में पॉजिटिविटी रेट 1.5 फीसदी से भी कम रही। करौली में आज 1033 सैंपल में से केवल एक ही पॉजिटिव निकला। वहीं जालोर में 977 सैंपल में से 6 और सिरोही में 753 सैंपल में से 8 सैंपल पॉजिटिव निकले।

# प्रो-एक्टिव पुलिसिंग से अपराधों पर कसें लगाम : गहलोत

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाने की सोच के साथ निचले स्तर तक कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिलों में थाने एवं चौकी स्तर तक प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और प्रो-एक्टिव पुलिसिंग से प्रदेश को अपराध नियंत्रण में अग्रणी बनाया जाए।

गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि विभिन्न नवाचारों से पॉक्सो एक्ट, महिला अत्याचार तथा एससी-एसटी उत्पीड़न के प्रकरणों के निस्तारण में लगने वाले औसत समय में उल्लेखनीय कमी आई है। दुष्कर्म के मामलों में अनुसंधान समय वर्ष 2018 में 211 दिन था, जो वर्ष 2021 में घटकर 86 दिन रह गया है। पुलिस ने वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट के 510 प्रकरणों में अपराधियों को सजा दिलवाई है, जिनमें से 4 प्रकरणों में मृत्यु-दण्ड तथा 35 प्रकरणों में आजीवन कारावास की सजा मिली है।

पुलिस आगे भी ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस की कार्यशैली को आधुनिक, पब्लिक फ्रेंडली एवं प्रो-एक्टिव बनाने के उद्देश्य से थानों में स्वागत कक्ष, महिला अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी अनुसंधान के लिए हर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद के सृजन, अनिवार्य एफआईआर रजिस्ट्रेशन, जघन्य अपराधों के लिए अलग इकाई का गठन, महिला एवं बाल डेस्क का संचालन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र जैसे नवाचार किए हैं। इन नवाचारों के और बेहतर परिणाम हासिल हों। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन थानों में स्वागत कक्ष नहीं बने हैं, वहां यह काम जल्द पूरा किया जाए। जिला पुलिस अधीक्षक स्वागत कक्षों का निरीक्षण करें, ताकि जिस मंशा के साथ इनका निर्माण किया गया है, उसे पूरा किया जा सके।

गहलोत ने निर्देश दिए कि तकनीक का दुरूपयोग कर किए जाने वाले साइबर एवं आर्थिक क्राइम तथा अन्य अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक नवाचार अपनाएं। अपराध शाखा अपराधों का गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण करे और गंभीर अपराधों में उच्च अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर उचित तफ्तीश सुनिश्चित करें। पुलिस हिरासत में मौतों, दुष्कर्म, बाल अपराध, महिला अत्याचार आदि की घटनाओं को प्राथमिकता एवं गंभीरता से लें। ऐसे मामलों में मीडिया को वास्तविक स्थिति से तुरंत अवगत कराएं, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति नहीं बिगड़े।

### साइबर क्राइम रोकने के लिए अपनाएं नवाचार



## सम्पादकीय

# तकरार में नौकरशाही

भारतीय प्रशासनिक सेवा यानी आइएएस अधिकारियों के प्रतिनियुक्ति संबंधी नियम केंद्र सरकार जिस प्रकार लागू करना चाहती है, उससे केंद्र और राज्यों के बीच विवाद की पूरी आशंका है। ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और झारखंड सहित कई राज्यों की ओर से इस मसले पर विरोध से साफ है कि आइएएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नए प्रस्ताव को लेकर केंद्र की राह आसान नहीं होगी। राज्यों के मुताबिक, यह नियम देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। कुछ राज्यों की प्रतिक्रिया से यही धारणा बनी है कि एक बार अगर नया नियम लागू हो गया तो यह राज्यों के प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन को प्रभावित करेगा। ऐसी आशंकाएं भी जाहिर की गई हैं कि इस नियम से अधिकारियों के बीच डर पैदा होगा, ये बदलाव केंद्र और राज्य सरकारों के लिए निर्धारित संवैधानिक अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करेंगे और अफसरों के बेखौफ या ईमानदारी से काम करने की भावना को कम करेंगे; इससे राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा सकती है। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने कहा है कि चूंकि राज्य प्रतिनियुक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में आइएएस अधिकारियों को नहीं भेज रहे हैं, इसलिए केंद्रीय स्तर पर प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। मगर प्रस्तावित संशोधन पर केंद्र और राज्यों के बीच जिस तरह की खींचतान सामने आई है, उससे यही लगता है कि इस मुद्दे पर कदम आगे बढ़ाने के संदर्भ में संभवतः केंद्र और राज्य सरकारों के बीच पर्याप्त बातचीत नहीं हुई और पहले सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई।

संभव है कि केंद्र की इस शिकायत का कोई मजबूत आधार हो कि प्रतिनियुक्ति के लिए आइएएस अधिकारियों की कमी से केंद्रीय कामकाज पर असर पड़ रहा है, लेकिन क्या इस पहलू पर भी गौर करने की कोशिश की गई कि राज्यों में प्रशासनिक कामकाज में जिम्मेदारी के अनुरूप स्वरूप क्या है, उसमें इन अफसरों की कितनी जरूरत है, उसके मुकाबले उपलब्धता क्या है और बहाली के लिए पदों से लेकर रिक्तियों की तस्वीर क्या है? इसके अलावा, राज्यों की ओर से इस प्रस्ताव के जरिए बनने वाले जिन दबावों की आशंका जताई गई है, क्या वे पूरी तरह निराधार हैं! जाहिर है, इस सवाल पर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर तक आइएएस अफसरों का प्रतिनिधित्व घट रहा है और सेवा के लिए राज्यों की ओर से प्रायोजित अधिकारियों की संख्या बहुत कम है, तो इसके लिए कौन और कैसी परिस्थितियां जिम्मेदार हैं! कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग यानी डीओपीटी ने आइएएस (कैडर) नियम, 1954 में बदलाव का जो प्रस्ताव दिया है, उसके तहत केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों की मांग के लिए केंद्र के अनुरोध को रद्द करने वाली राज्यों की शक्ति छिन जाएगी। अगर व्यवहार में प्रस्तावित संशोधन का ऐसा असर होगा तब निश्चित रूप से यह सभी पक्षों के लिए विचार करने का विषय है कि कहीं इसका विस्तार संघीय तानाबाना और संविधान के मूलभूत ढांचे तक तो नहीं होगा, जिसकी आशंका राज्यों की ओर से जताई जा रही है। खासकर अगर किसी राज्य की चुनी हुई सरकार के खिलाफ केंद्र नौकरशाही को हथियार बनाता है, तब इस पर गंभीर सवाल उठेंगे। यह ध्यान रखने जरूरत है कि अगर इस मसले पर केंद्र और राज्यों के बीच दरार आने की स्थितियां पैदा होती हैं, तो इससे संघीय ढांचा और लोकतंत्र के स्वरूप को लेकर चिंता पैदा होगी।

# भारत में आपदा का रूप ले चुकी है बेरोजगारी

**सी.एम.आई.ई. (सैंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी) की 31 दिसंबर तक के आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक बेरोजगारी की राष्ट्रीय दर नवंबर में 7.1 प्रतिशत थी, जो बढ़ कर दिसंबर में 7.91 हो गई है। जहां तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगारी का सवाल है, दिसंबर में दोनों क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई। पूरे साल की तुलना करें तो बिहार में दिसंबर में सर्वाधिक बेरोजगारी दर दर्ज की गई। नव बर में राज्य में बेरोजगारी दर 14.8 प्रतिशत थी। दिस बर में यह 16 प्रतिशत हो गई। देश के 6 राज्यों में बेरोजगारी दर इस समय 2 अंकों में है। बिहार का चौथा स्थान है। बेरोजगारी के मामले में हरियाणा शीर्ष पर है। दिसंबर में इस राज्य में बेरोजगारी 34.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। 27.1 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ राजस्थान दूसरे नंबर पर, 17.3 प्रतिशत के साथ झारखंड तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। इनके अलावा त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की बेरोजगारी दर 2 अंकों में है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में बेरोजगारों की फौज इकट्ठा हो रही है, जो एक गंभीर समस्या है।**



**आज** 'सोने की चिड़िया' कहलाने वाला देश बेरोजगारी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। इस बार छात्र और सरकार आमने-सामने नजर आ रहे हैं। वर्तमान सरकार आए दिन सभी सरकारी नौकरियों में पदों की सं या कम करती जा रही है। अगर कोई बहाली भी आती है तो उसकी परीक्षा होने और अंतिम रूप से चयन की प्रक्रिया में 3-4 वर्षों से अधिक लग रहे हैं। पुलिस और छात्रों के बीच हिंसा तक देखने को मिल रही है। सरकार भले ही रोजगार नहीं दे रही हो, लेकिन पुलिस का डंडा चलवाने में सरकार पीछे नहीं हटती।

देश में शिक्षा की कमी, रोजगार के अवसरों की कमी, कौशल की कमी, प्रदर्शन संबंधी मुद्दे और बढ़ती आबादी सहित कई कारक भारत में इस समस्या को बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। इस कारण भारत की जी.डी.पी. पर भी असर साफ दिख रहा है। बेरोजगारी के गंभीर सामाजिक-आर्थिक परिणाम होते हैं। बेरोजगारी समाज में विभिन्न समस्याओं का मूल कारण है, जिसे दूर करने के लिए हालांकि सरकार ने कुछ हद तक कदम भी उठाए हैं, लेकिन ये उपाय पर्याप्त रूप से प्रभावी नहीं हैं। सरकार योजनाओं के माध्यम से निजी नौकरियों में वृद्धि करना चाहती है लेकिन कोरोना के बाद निजी क्षेत्र खुद ही घुटन महसूस कर रहा है। उच्च डिग्री प्राप्त छात्र सरकारी नौकरी के इंतजार में हैं, लेकिन सरकार नोटिफिकेशन निकालने के लिए तैयार नहीं है। अगर नोटिफिकेशन निकल भी गया तो परीक्षा समय पर नहीं हो पाती है। इसका उदाहरण हमारे सामने है। एन.टी.पी.सी. द्वारा 2019 में निकाले गए नोटिफिकेशन के बाद भी अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। हद तो यह है कि बिहार में बी.एस.एस.सी. द्वारा 2014 में निकाले गए नोटिफिकेशन की भर्ती अब तक पूर्ण नहीं हो पाई है। शिक्षा और बेरोजगारी का भी गहरा संबंध है। आज भी भारत की जनसं या का एक बड़ा अनुपात अशिक्षित है। भारत में कौशल का अभाव है, परंतु अशिक्षा के साथ-साथ शिक्षित बेरोजगारी भी बहुत बड़ी समस्या है। कारण, हर छात्र के द्वारा एक ही तरह की शिक्षा को चुना जाना। जैसे आज कल हम बहुत-से इंजीनियर्स को बेरोजगार भटकते देखते हैं, जिसका कारण इनकी संख्या की अधिकता है। आज कल हर छात्र दूसरे को फॉलो करना चाहता है, उसकी अपनी स्वयं की कोई सोच नहीं बची। आज कल यह आम बात है कि छोटी-छोटी नौकरी के लिए भी अच्छे पढ़े-लिखे लोग आवेदन करते हैं, इसका कारण बेरोजगारी के चलते उनकी मजबूरी है।

सरकार को बेरोजगारी के समाधान करने के लिए दूरगामी उपाय करने होंगे। इसके लिए सरकार को चाहिए कि सरकारी नोटिफिकेशन में अनियमितता को खत्म करे और संबंधित बोर्ड एक कैलेंडर जारी कर के समय पर परीक्षा आयोजित करे। इसके अलावा परीक्षाओं में हो रही धांधली भी रोकनी होगी। इसके लिए पारदर्शिता अपनानी जरूरी है। छात्रों को भी समझना चाहिए कि सिर्फ सरकारी नौकरी को ही रोजगार न मानें और निजी नौकरी और स्वरोजगार भी अपनाएं।

इसके अलावा जनसं या वृद्धि पर अंकुछा लगाने पर ध्यानाकर्षण करना होगा। तात्कालिक उपाय के रूप में लोगों को निजी व्यवसायों में लगने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करके उन्हें धन उपलब्ध कराना होगा, ताकि नौकरियों की तलाश कम हो सके और लोग स्वरोजगार अपना कर भरण-पोषण कर सकें। बैंक से ऋण लेने में लोगों को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका त्वरित समाधान जरूरी है।

गांवों में बेरोजगारी की समस्या दूर करने के लिए कुटीर उद्योग-धंधों को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा समय पर कच्चा माल उपलब्ध कराना होगा। सरकार को उचित मूल्य पर तैयार माल खरीदने की गारंटी देनी होगी। यह काम सहकारी संस्थाओं द्वारा आसानी से करवाया जा सकता है।

बेरोजगारी दूर करने के दीर्घगामी उपाय के रूप में हमें अपनी शिक्षा-व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन लाना पड़ेगा। नई शिक्षा नीति में होने वाले परिवर्तन से कुछ समाधान हो सकता है, लेकिन उसका प्रभाव दूरगामी ही होगा त्वरित नहीं। इसके अलावा नीति-निर्माताओं और नागरिकों को अधिक नौकरियों के निर्माण के साथ ही रोजगार के लिए सही कौशल प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष
निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें।

### वृषभ
व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

### मिथुन
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### कर्क
विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रमाद न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### सिंह
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

### कन्या
नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी।

### तुला
घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। किसी बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे।

### वृश्चिक
जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

### धनु
प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदोड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है।

### मकर
हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। जोखिम न लें। आंखों को चोट व रोग से बचाएं।

### कुंभ
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे।

### मीन
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। प्रमाद न करें। किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें।

## व्यापार समाचार

## बजट : सरकार टैक्स बोझ कम करने के लिए दे सकती है राहत




नई दिल्ली।

कोविड-19 से पिछले दो वर्षों में छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग की आर्थिक चुनौतियां खासा बढ़ गई हैं। ऐसे में, कर संग्रह में उछाल के बीच 1 फरवरी को जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2022-23 का बजट पेश करेंगी, तो व्यक्तिगत आयकर के मोर्चे पर वह बड़ी छूट का एलान कर सकती हैं। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देते हुए इनकी क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करने की रणनीति अपना सकती हैं।

### 'वर्क फ्रॉम होम' की वजह से खर्चों में बढ़ोतरी

: इसमें दो मत नहीं है कि पिछले दो वर्षों में कोरोना संकट के कारण एक तरफ जहां बड़ी संख्या में लोगों के रोजगार गए, उनके वेतन-पारिश्रमिक में कटौती हुई और 'वर्क फ्रॉम होम' की वजह से टैक्स में छूट के कुछ माध्यम कम हो गए, तो वहीं दूसरी तरफ डिजिटल तकनीक, ब्रॉडबैंड, बिजली के बिल जैसे खर्चों में बढ़ोतरी से बड़ी संख्या में छोटे करदाताओं की आमदनी घट गई। इन दिनों महंगाई भी बढ़ गई है। दिसंबर 2021 में थोक महंगाई दर गिरकर 13.56 फीसदी पर रही, जबकि उसी महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.59 फीसदी पर पहुंच गई। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी ऊंची हैं। चूंकि कोरोना के कारण पैदा हुए आर्थिक हालात से लड़ने और छोटे करदाताओं व मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष के बजट में कोई बड़ी राहत नहीं दी गई थी, इसलिए इस बार उम्मीद है कि सरकार टैक्स का बोझ कम करने के लिए अभूतपूर्व प्रोत्साहन दे सकती है।

### स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 75 हजार रुपये तक बढ़ानी चाहिए

नए बजट में वित्त मंत्री को नौकरी-पेशा वर्ग के लोगों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 75 हजार रुपये तक बढ़ानी चाहिए। इसी तरह, मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट मिलती है, जिसमें ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की टूशन फीस और आवास ऋण का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट पर्याप्त नहीं है। इस छूट की सीमा तीन लाख रुपये तक की जानी चाहिए। इससे बचत को लेकर लोग ज्यादा उत्सुक होंगे, क्योंकि कई टैक्स सेविंग्स निवेश इस सेक्शन के तहत आते हैं।

### स्वास्थ्य बीमा अधिक चलन में नहीं

सरकार द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को भी बढ़ाना चाहिए। चूंकि अभी भी कोरोना की चुनौतियों के बावजूद देश में स्वास्थ्य बीमा अधिक चलन में नहीं है और अधिकतर लोगों के स्वास्थ्य बीमे का कवर कोरोना वायरस के कारण अस्पताल के खर्चे से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है।

# अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद क्यों नहीं बढ़ रही तेल की कीमतें

नई दिल्ली।

तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जो अक्टूबर 2014 के बाद से सबसे ज्यादा है, यह पूर्वी यूरोप और मध्य पूर्व में तंग आपूर्ति के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद घरेलू ईंधन की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ा है और लगभग तीन महीने से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ हैं। कीमतें न बढ़ने पर उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि अगले महीने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कीमतें बढ़ने की संभावना नहीं है। इसका मतलब है की सरकारी तेल कंपनियों के मार्जिन में गिरावट होगी।

**दिसंबर के बाद कीमतें 32% बढ़ी :** पिछले साल एक दिसंबर के बाद से अब तक क्रूड ऑयल की कीमतें करीब 22 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी हो चुकी है। कीमतों में बढ़ोतरी करीब 32% है। मांग की स्थिति सुधरने के बाद एक साल में क्रूड ऑयल की कीमतें करीब 64% बढ़ चुकी हैं। लेकिन चुनावों को देखते हुए घरेलू बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना नहीं है लेकिन चुनाव के बाद स्थिति तेजी से बदल सकती है।



**यूक्रेन पर रूस के कारण कीमतों पर असर :** यूक्रेन पर रूस और पश्चिमी शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण हाल के दिनों में क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ी हैं। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात कर दिया है। उधर, अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर आक्रमण हुआ तो कठोर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यदि स्थिति और तनावपूर्ण होती है, तो यह एनर्जी मार्केट को परेशान करने की क्षमता रखता है।

**रूस यूरोप के लिए प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा निर्यातक :** रूस यूरोप के लिए प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा निर्यातक है और सऊदी अरब के साथ, उत्पादकों के समूह का नेतृत्व करता है, जो तेल बाजार पर प्रभुत्व रखते हैं। इसके अलावा, मध्य पूर्व में एक तरफ यमन के हौथी समूह और दूसरी तरफ सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते तनाव ने भी बाजार को बेचैन कर दिया है। वैश्विक मांग में जोरदार सुधार हो रहा है लेकिन रूस और सऊदी अरब के नेतृत्व में उत्पादकों के समूह द्वारा उत्पादन पर अंकुश ने भी बाजार पर असर डाला है। उत्पादकों के समूह के कुछ सदस्य अपने उत्पादन कोटा को पूरा करने में भी मुश्किल झेल रहे हैं।

## एयरटेल में 1 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी गूगल खरीदेगी 1.28% इक्विटी, एयरटेल के शेयरों में तेजी

नई दिल्ली।

गूगल अगले पांच वर्षों में भारती एयरटेल में 1 अरब डॉलर तक का निवेश करेगी। इसमें 1.28 फीसदी की इक्विटी खरीद और आपसी शर्तों पर कमर्शियल समझौते शामिल हैं। भारती एयरटेल ने बताया है कि उसके बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने हुई बैठक में पांच रुपए के फेस वैल्यू वाले 7.1 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करने को मंजूरी दी है। गूगल इंटरनेशनल एलएलसी को यह शेयर तरजीही आधार (प्रेफेरेंसिअल बेसिस) पर 734/- प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर जारी किए जाएंगे। एयरटेल ने कहा कि, इस साझेदारी के तहत गूगल अपने गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के हिस्से के रूप में 1 बिलियन डॉलर तक का निवेश कर सकता है, इसमें इक्विटी निवेश के साथ-साथ संभावित वाणिज्यिक समझौतों के लिए एक फंड शामिल है।

**क्या हैं प्रेफरेंस शेयर :** वरीयता शेयर (प्रेफरेंस शेयर) को आमतौर पर पसंदीदा स्टॉक के रूप में देखा जाता है, यह लाभांश के साथ कंपनी के ऐसे स्टॉक होते हैं जिनका भुगतान सामान्य स्टॉक लाभांश जारी होने से पहले शेयरधारकों को किया जाता है। यदि कंपनी दिवालिएपन में प्रवेश करती है, तो सामान्य स्टॉकहोल्डर्स के मुकाबले प्रेफ्रेंड स्टॉकहोल्डर भुगतान पाने के पहले हकदार होते हैं। अधिकांश वरीयता शेयरों में एक निश्चित लाभांश होता है, जबकि आम शेयरों में आम तौर पर ऐसा नहीं होता है। पसंदीदा स्टॉक शेयरधारक भी आमतौर पर कोई वोटिंग अधिकार नहीं रखते हैं, लेकिन आम शेयरधारक को यह अधिकार होता है।




**700 मिलियन डॉलर का इक्विटी निवेश :** एयरटेल पर गूगल के निवेश में भारती एयरटेल में 734 की कीमत पर 700 मिलियन डॉलर का इक्विटी निवेश शामिल होगा, और करीब 300 मिलियन डॉलर तक वाणिज्यिक समझौतों को लागू करने की दिशा में जाएगा इसमें एयरटेल के ऑफरिंग को बढ़ाने के लिए निवेश शामिल होगा जिसमें उपभोक्ताओं के लिए कई प्रकार के उपकरण शामिल हैं। यह सौदा आवश्यक नियामक अप्रूवल के अधीन होगा।

### शेयरों में तेजी

शुक्रवार के शुरुआती कारोबार में भारती एयरटेल के शेयर बीएसई पर 2% से बढ़कर 725 पर पहुंच गए। सुनील मित्तल के नेतृत्व वाली टेल्को ने बयान में कहा, अपने पहले वाणिज्यिक समझौते के एक हिस्से के रूप में, एयरटेल और गूगल एयरटेल के व्यापक ऑफरिंग्स को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे, जो उपभोक्ताओं को एंड्रॉइड-सक्षम उपकरणों की एक बड़ी श्रृंखला उपलब्ध कराता है।

## आईपीओ से पहले ओला ब्रिटेन में करेगी 750 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली।

कैब सर्विस प्रोवाइड कराने वाली कंपनी ओला अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आने वाली है। इससे पहले कंपनी ने एक बड़े निवेश का ऐलान किया है। दरअसल, ओला की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाले कंपनी एलेक्ट्रिक ब्रिटेन में उन्नत इंजीनियरिंग और वाहन डिजाइन के लिए एक वैश्विक केंद्र स्थापित करेगी। इसके लिए कंपनी अगले पांच वर्षों के दौरान दस करोड़ डॉलर (लगभग 750 करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश करेगी। बेंगलुरु में ओला कैंपस में स्थित डिजाइन और इंजीनियरिंग टीम के साथ तालमेल बिठाकर काम करेगा। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, यह केंद्र दोपहिया और चार पहिया वाहनों के डिजाइन, उन्नत उच्च प्रदर्शन, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग, डिजिटल और फिजिकल बनावट समेत कई विषयों में वैश्विक प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। इस बीच, खाद्य तेल कंपनी अडानी विल्मर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पहले दिन 57 प्रतिशत अभिदान मिला। बीएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के 12,25,46,150 शेयरों के आईपीओ पर पहले दिन 7,04,43,165 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

# खारिया-हिराणी की गौशाला में एम्बुलेंस की भेंट

## जाखड़ परिवार का सम्मान समारोह आयोजित हुआ




सद्दाम रंगरेज/धनसुख सैनी

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री गोपाल गौ सेवा समिति खारिया -हिरानी की गौशाला प्रांगण में श्री सर्वेश्वर गौ चिकित्सालय के लिए सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह व जाखड़ परिवार सूरतपुरा द्वारा चिकित्सालय के लिए उपलब्ध कराई गई नई एम्बुलेन्स का उद्घाटन समारोह श्री श्री 108 महंत श्री राममोहन दासजी अध्यक्ष श्रीमान अखिल भारतीय संत समिति हिमाचल प्रदेश व श्री श्री 108 महंत श्री विष्णु मोहन दास महाराज हिमाचल प्रदेश गौरव कृष्ण दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर महाराज ने कहा राजस्थान की धरती गौ सेवकों की जननी है, जिस पर हमें नाज है साथ ही कहा कि हमें प्रत्येक घर में गौ माता को पाल कर सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में जाखड़ परिवार द्वारा चिकित्सालय के लिए नई एंबुलेंस पूजा अर्चना के साथ ही गो सेवा समिति को सुपुर्द की गई। इस प्रकार की सेवा के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने जाखड़ परिवार का आभार व्यक्त किया और भागुराम जाखड़, चुन्नाराम जाखड़, छोटुराम जाखड़ सूरतपुरा, कुंदन रामजी जड़ावता, पूसाराम जाखड़, भगवान राम जाखड़, मुकेश जाखड़, मोहित जाखड़ का समिति की ओर से दुपट्टा व साफा बंधन द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर हिराणी सरपंच मदनलाल सोकल, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, प्रभु सिंह, मोहनलाल सोऊ, समिति के अध्यक्ष धन्नाराम, समिति सचिव मालचन्द पारीक, कोषाध्यक्ष पोकरराम छापोला, जसराना गौ-शाला से भागुराम, सोहनलाल, मंगलपुरा गौ-शाला से अध्यक्ष मदनलाल, मोतीराम, ईश्वर सिंह उपसरपंच खारिया, किशनलाल पिपलोदा, प्रभुसिंह, रामदीन मेघवाल पूर्व सरपंच हिरानी, झब्बरसिंह उपसरपंच हिरानी, जयराम फोगड़ी, खेताराम फौजी व किशन फौजी व खारिया हिराणी पंचायत के कई गणमान्य लोग व समिति के कार्यकर्ता प्रभुदयाल, ओमप्रकाश टेलर, मुकेश जायलवाल, सुरेश दादरवाल व कई गणमान्य लोग मौजूद थें। खारिया सरपंच व हिरानी सरपंच ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# बचपन स्कूल के बच्चों ने किया पुलिस थाने का भ्रमण, ली जानकारी



कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** हर बच्चे में पुलिस के कामकाज ओर तोर तरीके को जानने को लेकर जिज्ञासा बनी रहती है कि पुलिस कैसे काम करती है, उनकी कार्यप्रणाली क्या होती है ? कैसे थाने में कामकाज होता है ? किस तरह से अपराधियों पर अंकुश लगाया जाता है ? इन्हीं जिज्ञासाओं को लेकर कस्बे की बचपन एंड सेवन स्टार कान्वेंट स्कूल मौलासर के बच्चों ने आस पास की खोज गतिविधि अन्तर्गत मोलासर पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्था निदेशक हनुमान चौधरी व प्रिंसिपल ए.के. बाटू के मार्गदर्शन में यात्रा प्रभारी पी.आर.ओ. पवन कुमार, शिक्षक मनोज चेत्री, शिक्षिका रितु थापा तथा राकेश चौधरी एवं राकेश कस्वां ने सामाजिक परिवेश को जानने के लिए बच्चों को पुलिस थाना भ्रमण करवाया। बच्चों ने पुलिस थाना मौलासर पहुंचकर वहां उपस्थित पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को एफआईआर, प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करना, शिकायत लिखवाना, आनलाइन रिपोर्ट, 100 डायल, अपराध के कारण एवं दण्ड प्रावधान, प्राथमिक जेल आदि की जानकारियां दी। थाना प्रभारी बाबूलाल व हेड कॉन्स्टेबल श्यामलाल ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। पुलिस से आपको डरने की जरूरत नहीं है। आप निर्भिक होकर अपनी शिकायत पुलिस थाना आकर कर सकते है। आपातकालीन 100 नम्बर पर डायल कर सकते है। वही आसूचना अधिकारी हंसराज मीणा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी। वही पुलिस थाने की महिला कॉन्स्टेबल ने बालिकाओं को गुड टच.बेड टच की जानकारियों से अवगत कराया और वही पुलिस ने आत्मरक्षा करने के तरीके सिखाएं।

# हरिपुरा के राजकीय विद्यालय में ग्रामवासियों ने किया दो लाख का सहयोग



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा में गत दिनों विधायक कोष से लगभग आठ लाख की राशि स्वीकृत हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेन्द्र कसवां ने बताया कि महेंद्र चौधरी ने पहले विद्यालय को क्रमोन्नत करके दसवीं तक की, इसके बाद विद्यालय में रिक्त पदों को भरा। ग्राम वासियों की मांग पर कक्षा कक्ष व लेब के लिए लगभग आठ लाख की राशि स्वीकृत कर मांग पूरी की है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी ग्राम वासियों व विद्यालय कर्मचारियों ने विधायक महेन्द्र चौधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों ने विद्यालय मे आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के लिए दो लाख की राशि का सहयोग किया। इस अवसर पर हरदेवाराम, एडवोकेट मेवाराम कसवां, पूसाराम खर्रा, सुखाराम, रामेश्वर लाल, सोहनराम, सुरेन्द्र कसवां, श्योजीराम, गोरधनराम, लिछ्मनराम, प्रहलाद शर्मा, श्रवण खर्रा, बोदूराम, मंशीराम एवं ग्रामवासी और समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# 21 पदको के साथ सिरमौर बने मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के जिम्नास्ट

## खिलाड़ियों के महाविद्यालय आगमन पर किया गर्मजोशी से स्वागत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित 35वीं अंतर महाविद्यालय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में अपनी शानदार कलाबाजियों का प्रदर्शन करते हुए कुल 21 पदक जीतकर महाविद्यालय तथा शिक्षा नगरी कुचामन का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़, प्रबंध समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर देवना, जिम्नास्टिक कोच बाबुलाल कमेडिया तथा प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत ने खिलाडियों का मुहँ मीठा करवाकर उनको शानदार प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी।

### निदेशक ने किया खिलाड़िया का उत्साहवर्धन

इस अवसर पर निदेशक सुल्तानसिंह थालोड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि महाविद्यालय की महिला तथा पुरुष वर्ग की दोनों टीमें जिम्नास्टिक के द्रोणाचार्य कहलाने वाले कोच बाबुलाल कमेड़िया के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है। महाविद्यालय टीम के प्रभारी महेश कुमार सोनी ने बताया कि डीएवी कॉलेज, अजमेर में मदस विश्वविधालय, अजमेर द्वारा आयोजित 35 वीं अंतर महाविद्यालय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की दोनों टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत कुल 21 पदक जीतकर पदक तालिका में श्रेष्ठ रही।

प्राचार्य डॉ. कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय की पुरुष वर्ग की टीम ने कैप्टन राकेश कुमावत के साथ विकास, मुकेश, शक्ति सिंह, महेश तथा महिपाल ने फ्लोर एक्सरसाइज, पैरेलल बार, पॉमल हॉर्स तथा हाई बार प्रतिस्पर्धाओं में कुल 10 पदक प्राप्त किए जब कि महाविद्यालय की महिला टीम ने चूका कुमावत की कप्तानी में नीलम, सुमन मंडीवाल, सुरज्ञान, चंदा कंवर तथा गायत्री शर्मा ने फ्लोर एक्सरसाइज, बीम बार, वॉल्टिंग टेबल, तथा एनि-वन बार प्रतिस्पर्धाओं में कुल 11 पदक प्राप्त कर प्रतियोगिता में महिला वर्ग की टीमों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया आयाम स्थापित किया। प्रतियोगिता में महिला टीम की कप्तान चूका कुमावत ने वॉल्टिंग टेबल तथा बीम बार पर जबरदस्त संतुलन साधते हुए तथा अपनी हैरतअंगेज कलाबाजियों की बदौलत ऑल राउंडर खिलाड़ी का पदक जीतने में सफल रही।

कोच बाबुलाल कमेडिया ने बताया कि महाविद्यालय के ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिये चयनित खिलाड़ी गुरु नानक देव विश्वविधालय अमृतसर (पंजाब) में ऑल इण्डिया स्तर के लिये भाग लेंगे। खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में



उपस्थित डॉ. जितेंद्र चौबदार, डॉ प्रतीक सोनी, सुरेश कुमार मिश्रा, जगदीश विश्नोई, कमलेश कुमार जाट, बलवीर लोछब, सुखराम चौधरी, नितेश कुमार शर्मा, सुश्री दिव्या सिंह, कांता विश्नोई, मनीष मेघवंशी, जिज्ञाशा जैन, दानाराम भींचर, ताराचंद कुमावत तथा शंकरलाल ने जिम्नास्टिक खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए ऑल इण्डिया स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनायें दी।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट संभाग स्तर पर सम्मानित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना का कुचामन में सफल संचालन के लिए किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु शहर की सामाजिक संस्था लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट को स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान द्वारा अजमेर संभाग स्तर पर प्रथम रेंक के सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। अजमेर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, विधायक वासुदेव देवनानी ने रसोई प्रभारी लॉयन रचित नंदवाना, क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, अध्यक्ष लॉयन वेनिगोपाल मालपानी, सचिव लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन प्रहलाद रांकावत को प्रथम रेंक के सर्टिफिकेट, स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि स्वरूप 15 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। क्लब को मिली इस उपलब्धि को शिक्षा नगरी का गौरव बताते हुए मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, हबीब मौलानी, लॉयन्स चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन नरेन्द्र शर्मा, हिंदू युवा वाहिनी के नागौर जिला संरक्षक मुन्नालाल



काछवाल, केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल सिंह रसाल, सुरेश बंसल ने क्लब पदाधिकारियों एवं इंदिरा रसोई टीम का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

### सहयोग से पाया मुकाम : काबरा

इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा यह सम्मान समर्पित है शहर के आमजन, सामाजिक संस्थाओं, भामाशाहों एवं नगरपालिका प्रशासन तथा रसोई के कार्यकर्ताओं को जिनके विश्वास के साथ मिल रहे निरंतर सहयोग की वजह से इंदिरा रसोई कुचामन ने यह मुकाम हासिल किया है। लॉयन रचित नंदवाना ने बताया रसोई की स्वच्छता के साथ भोजन की शुद्धता एवं पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए यहां पर आमजन को 8 रुपये में एवं समय-समय पर भामाशाहों के सहयोग से नि:शुल्क भोजन कराया जाता है।

# बड़ी खाटू में 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी बूथो पर मनाया



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे में 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित सभी बूथ पर मनाया गया, जिसके तहत राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय बड़ी खाटू में भाग संख्या 250 के बीएलओं रामनिवास के सानिध्य में नवीन मतदाताओं को शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। इसमें प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र धोजक ने सभी नव मतदाताओं को शपथ दिलाई। ग्राम बड़ी खाटू के सुपरवाइजर सैयद मुज़ाफिर अली ने मतदान का महत्व एवं मत की गोपनीयता के बारे में सभी उपस्थित नव मतदाताओं को अवगत करवाया और बड़ी खाटू ग्राम के बीएलओ भंवर लाल निर्मल को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित होने पर एवं बीएलओ ललित कुमार, विकास कुमार, युधिष्ठर, घनश्याम शर्मा को ब्लॉक स्तर पर सम्मानित होने पर शुभकामनाए दी गयी।

# किन्नर संजना कंवर को सरवण शिष्य का दर्जा देकर भामाशाह काजु कंवर ने किया उत्तराधिकारी घोषित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** खैरथल की महंत संजना बाई किन्नर को शुक्रवार को कुचामनसिटी में सादे समारोह का आयोजन कर अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। संजना बाई को काजु कंवर भामाशाह का शिष्य बनाये जाने पर उनके चेलों ने खुशी का इजहार जाहिर किया है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष आसीफ खान, पालिका उपाध्यक्ष हेमराज चावला, कॉमरेड नेता अब्बास खान, जीसीएम डेयरी डायरेक्टर कुलदीप सिंह राठोड़, एडवोकेट ओमप्रकाश पारीक का भामाशाह काजु कंवर व संजना बाई ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शुक्रवार को किन्नर हवेली में जागीरदार काजु कँवर ने कुचामनसिटी सहित आस-पास के क्षेत्र के लिए संजना बाई को दुल्हन का दर्जा देकर अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। इस अवसर पर खुशी, अजली, ताराना, हेलन, रत्ना, दामनी, शान, सोनिया, कोमल, मनु, कविता, डोली, मौसम, शायरा, राति, आविदा, रेलू, सपना, बोबी, रोशनी, शीला, परी, सपना जो कि चेला-पोती चेला के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्र की किन्नरों ने खुशी का इजहार किया है।

# जड़ों ने कर ली पाइप में मनमानी, कैसे पहुंचे घरों तक पानी

फखरूद्दीन खोखर

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में कई मोहल्लों में अब भी नहर का पानी और ट्यूबवेल का पानी पहुंच नहीं पा रहा है। इसका मुख्य कारण लगभग 40 साल पुरानी पाइप लाइन का होना है। इसी प्रकार कई मौहल्लों में पाइप लाइन भी नहीं डाली हुई है। गांव रूण के कन्हैयालाल, छोटमल, मांगीलाल और रामनिवास शर्मा ने बताया कि 1980 में यह गांव पेयजल योजना से जुड़ा था, जब से ही इस गांव के गली मोहल्लों में पाइपलाइन पुरानी लगी हुई है। ऐसे में इन पाइप लाइनों में अंग्रेजी बबूल की जड़ों ने अपना कब्जा जमा लिया। इसलिए उपभोक्ताओं के घरों तक पानी पहुंचना नामुमकिन हो गया था। समय-समय पर उपभोक्ता अपने खर्च से और जलदाय विभाग के सहयोग से कई बार विभिन्न मोहल्लों में इन पाइप लाइनों की सफाई करवाते थे। इसी प्रकार लगभग 2 साल पहले नहर का पानी गांव रूण में पहुंच गया, मगर पाइपलाइन में जड़ों का साम्राज्य होने से आज भी पश्चिमी भाग के मोहल्लों में नहर का पानी नहीं पहुंच पाया है। इसी पानी की समस्या को मद्देनजर रखते हुए अब रूण गांव में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने का प्रयास चल रहा है और कई जगह कार्य के दौरान पुरानी पाइप लाइन में से 15 से 20 फीट लंबी जड़े निकलती नजर आ रही है।



इन जड़ों को देखकर ग्रामीण भी अचंभित हैं और कह रहे हैं कि जलदाय विभाग इन जड़ों से मुकाबला नहीं कर सका। फिलहाल गांव के पूर्वी भाग में इंजीनियर अहमद शेरवानी और ठेकेदार भंवरलाल खटाना के नेतृत्व में पुरानी पाइप लाइन को बदली करके वंचित मोहल्लों में नई पाइप लाइन डालकर कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जलदाय विभाग के वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र उपाध्याय ने बताया जिन मोहल्लों में फिलहाल कार्य चल रहा है, उन मोहल्लों के रहवासी हाथों-हाथ फाइल भरकर अपना कनेक्शन ले सकते हैं अन्यथा उनको मूंडवा या कुचेरा का चक्कर लगाना पड़ेगा। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियंता मानसिंह रेवाड़ ने बताया गांव के पूर्वी भाग में कार्य पूरा होते ही पश्चिमी भाग में पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू होते ही नए कनेक्शन के आवेदन हाथों हाथ लिए जाएंगे। उधर इंदिरा कॉलोनी, तालाब रोड़ के वाशिंदें हाजी मोहम्मद लुकमान, रजब अली, सोकत अली, अब्दुल रशीद, अकरम अली, अजीत, इस्लाम मिस्त्री ने भी नई पाइप लाइन जल्दी से जल्दी डालने की मांग विभाग से की है। इस संदर्भ में विभाग के सहायक अभियंता जयनारायण मेहरा ने बताया कि गांव में जल सप्लाई वर्तमान में चल रही है उसको सही तरीके से रखते हुए ही नई पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है ताकि जल सप्लाई बाधित नहीं हो, इसीलिए वंचित मौहलों में जल्द ही पाइपलाइन डाल दी जाएगी।

# पशु-पक्षियों की सुरक्षा एवं संवर्धन करना मानव की जिम्मेदारी-जाजड़ा

राहुल वैष्णव

**हरसौर( डेली न्यूज नागौर ) :** निकटवर्ती ग्राम पीह में कबूतरशाला का उद्धघाटन समारोह आयोजित हुआ। एक करोड़ रुपए की लागत से बने पक्षियों के इस आशियाने पर सालाना दाना-पानी के लिए 36 लाख रुपए खर्च हो होंगे। समारोह में सरपंच अमरचंद जाजड़ा, जैन संतविनयमुनि, संजयमुनि, गौतममुनि, सागरमुनि ने विधिवत टावर का लोकार्पण किया। इस मौके पर सरपंच जाजड़ा ने कहा कि मूक पशु-पक्षियों की सुरक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन करना मानव मात्र की जिम्मेदारी है।

### पीह में कबूतर शाला का हुआ उद्धघाटन

भारत पशु सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में आज भी दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले बहुत पिछड़ा हुआ हैं। इसका एक मात्र कारण हमारी बेजुबान पशुओं के प्रति उदासीनता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम खुद भी जगें और दूसरों को भी जगाएं तभी मूक पशुओं का समय पर उपचार कर पाएंगे। बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की वजह से लगातार कम हो रहे हैं। बाग-बगीचे और खेती को खत्म कर बहुमंजिला इमारतें बनाई जा रही हैं। वहीं,पक्षियों के आवास भी सुरक्षित नहीं है। इन्हें बचाने के लिए शासन स्तर से लेकर आम जन सभी का सहयोग जरूरी हो चला है। गौरतलब हो कि जैन संत विनय मुनि के निर्देशों पर स्थानीय अनिल जैन की प्रेरणा से वर्धमान गुरु कमल कन्हैया ने सेवा समिति बनाकर भविष्य की नींव रखी थी। इस अवसर पर ज्ञानचंद कोठारी, अनिल जैन, महावीर कोठारी, नथमल दुग्गड़, उत्तम जैन, तेजराज बोहरा,गुलजार मो., राशिद अली, सोहन लेगा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# अमृतायन, युवालोक, सेवाभावी रसायनशाला का अवलोकन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जैनधर्म के आचार्यश्री महाश्रमण के ससंघ जैन विश्व भारती में प्रवास से लाडनूं अध्यात्म नगरी बनी हुई है। एक ओर जहां स्थानीय श्रद्धालु सेवा दर्शन का लाभ ले रहे है वहीं आचार्यश्री के दर्शनार्थ देशभर से प्रवासी श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है।वर्धमान महोत्सव के द्वितीय दिवस मे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा एवं मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभा ने उद्बोधन द्वारा प्रेरणा प्रदान की।मुख्य प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा वर्धमानता अच्छी है तो वह बुरी भी हो सकती है। ये दिशा पर निर्भर करता है कि विकास किस दिशा में हो रहा है। दिशा का ज्ञान होना जरूरी है। ज्ञान हर विषय का बढ़िया हो सकता है परन्तु इसमें यह विवेक रखना जरूरी है कि मेरे लिए किस चीज का ज्ञान आवश्यक है। कोई डॉक्टर है और वह अगर वकालत या अन्य कोई पढ़ाई करे तो जिस विषय का ज्ञान सही है, जरूरी है मुख्य रूप से वही ज्ञान करना चाहिए। इस अवसर पर जैन विश्व भारती के पदाधिकारियों द्वारा तेरापंथ परिचायिका (तेरापंथ धर्मसंघ का ऐतिहासिक दस्तावेज) एवं तीर्थंकर चरित्र पुस्तक के अंग्रेजी अनुवाद का गुरुदेव को भेंट कर विमोचन किया।सभी को पावन प्रेरणा प्रदान कर गुरुदेव सेवाभावी रसायनशाला औषधालय में पधारे। जहां सेवाभावी संस्थान से जुड़े प्रबंधकों ने गुरुदेव को गतिविधियों की जानकारी दी।अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद तेरापंथ धर्म संघ की एक विशिष्ट संस्था है। जिसमें लगभग 45 हजार से भी अधिक युवक सदस्य धर्मसंघ में अपनी सेवाएं दे रहे है।

# अवैध शराब फैक्ट्री मामले में दो और गिरफ्तार



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना उपखण्ड के ग्राम उचेरिया में पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के सम्बंध में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना मकराना से मिली जानकारी अनुसार गत 12 अगस्त 2021 को ग्राम उचेरिया से अवैध देशी शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़कर बड़ी मात्रा में शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री 500 लीटर स्प्रिट, दस हजार खाली पव्वे, शराब पैक करने की मशीन, नक़ली लेबल, खाली कार्टून, व 10 नकली शराब के भरे हुए पव्वे जब्त किए जाकर आबकारी अधिनियम व विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक नागौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन सिटी व पुलिस अधीक्षक मकराना के निर्देशानुसार थाना अधिकारी रोशनलाल सामरिया के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। गठित टीम द्वारा एक आरोपी महिपाल बोहरा पुत्र रविंद्र कुमार बावरी उम्र 26 साल निवासी उचेरिया को तलाश के दौरान 23 जनवरी 2022 को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया।

# साढ़े चार साल बाद भगवैया प्रेमी सहित दस्तयाब

लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला कस्बे के करीब ग्राम गुढ़ा जोधा से साढ़े चार साल पहले घर से गायब हुई युवती को उसके तीन साल के पुत्र और प्रेमी सहित महाराष्ट्र के कोल्हापुर से दस्तयाब किया गया, जिनको थांवला पुलिस थाने लाकर पूछताछ में जुट गई है। पुलिस के अनुसार सन 2017 की 30 मई को गुढ़ा जोधा निवासी ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें में बताया कि आरोपी ढाढोता निवासी विजय राज वैष्णव उसकी पुत्री को घर से भगाकर ले गया। पुलिस ने आई पीसी की धारा 363, 366, 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दौरान परिवादी पिता ने हाईकोर्ट में आरोपी के खिलाफ बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर आरोपी के चंगुल से अपनी बेटी को आजाद कराने की गुहार लगाई। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने पुराने केस की पेंडेन्सी कम करने की नीयत से आरोपी के नजदीकियों से पूछताछ की तो पता चला कि दोनों महाराष्ट्र के कोल्हापुर के जिले में रह रहे हैं तथा दोनों के एक 3 साल का पुत्र है। थानाधिकारी वर्मा मय जाप्ता ने बिनासमय गवाए बुधवार को दोनों को मुखबिर की सूचना पर दस्तयाब किया और थाने ले आए जिनसे अनुसंधान जारी है। ज्ञात रहे कि पिछले महीने ही थानाधिकारी वर्मा को कि पिछले महीने ही थानाधिकारी वर्मा को पुराने मुकदमों के निस्तारण करने में विशेष भूमिका निभाने पर जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह द्वारा प्रोत्साहन राशि 3100 सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# मिर्धा की पुण्यतिथि पर कुचेरा व नागौर में होंगे पुष्पांजलि कार्यक्रम

कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ):

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय रामनिवास मिर्धा की 12वीं पुण्यतिथि 29 जनवरी को मनाई जाएगी। मिर्धा की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव कुचेरा और नागौर शहर मुख्यालय पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। स्वर्गीय रामनिवास मिर्धा के पौत्र रघुवेन्द्र मिर्धा ने बताया कि मिर्धा की पुण्यतिथि पर 29 जनवरी को कोरोना गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए किसी बड़े कार्यक्रम की योजना नहीं बनाई है। कुचेरा और नागौर शहर में कोरोना प्रोटोकॉल के साथ पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

# हादसा : कुचामन में बारात की बस पलटी, आधा दर्जन से अधिक घायल

## ● डीडवाना से जयपुर जा रही थी बारात, कुचामन मेगा हाईवे पर हुआ हादसा

## ● हताहत सभी डीडवाना के कायमखानी परिवार के





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** डीडवाना से जयपुर जा रही एक बारात की बस पलट जाने से आधा दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रावार शाम की है। बारातियों से भरी बस जैसे ही मेगा हाईवे स्थित शारदा होटल से आगे निकली तभी सर्किल पर घूमते समय बस का एक पहिया डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया तथा अनियंत्रित होकर बस पलट गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एम्बूलेंसों को घटना स्थल की तरफ भेजा गया। हादसे की सूचना पाकर समाजसेवी लोग भी हॉस्पिटल में जुट गए तथा घाललों को तुरंत आपातकालीन कक्ष में पहुंचाया जहां पीएमओ डॉ. प्रहलाद बाजिया के निर्देशन में चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. खीचड़ व डॉ. महला ने घायलों का ईलाज किया।

### ये हुए हताहत

कुमारी शबनम पुत्री उस्मान खान उम्र 17 वर्ष निवासी अजमेरी गेट के अंदर नागौर, कुमारी खुशी पुत्री आरिफ कायमखानी उम्र 18 वर्ष निवासी लॉ कॉलेज के पास चुरू, इस्लाम बानो पत्नी अनवर खां कायमखानी उम्र 40 वर्ष निवासी सहरिया बास लाडनू, श्रीमती अफरीन पत्नी शाहरूख खान कायमखानी उम्र 23 वर्ष निवासी सरदारपुराकला डीडवाना, शाहरूख खान पुत्र मुस्ताक खान उम्र 15 वर्ष निवासी फतेहपुर जिला सीकर, श्रीमती हसन बानो पत्नी मुस्ताक खां कायमखानी उम्र 50 वर्ष निवासी कायम नगर डीडवाना व श्रीमती अलहम्दो पत्नी मुस्ताक खां कायमखानी उम्र 51 वर्ष निवासी स्टेशन रोड डीडवाना घायल हुए हैं।



### पूर्व मंत्री सलावत खां के जा रही थी बारात

जानकारी के अनुसार डीडवाना के कांग्रेस नेता उम्मेद खां के पोते की बारात जयपुर में पूर्व मंत्री सलावत खां की भतीजी के यहां निकाह के लिए जा रही थी। डीडवाना से रवाना हुई बारात की कई गाड़िया महिला बस से काफी आगे निकल चुकी थी तो कई पीछे चल रही थी। कुचामन बाईपास सर्किल पर पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई तथा पलट जाने से 7 लोग घायल हो गए, इनके सिर, हाथ-पांच, कंधे तथा अन्य जगहों पर गंभीर चोटे आई हैं।

### समाजसेवी लोग पहुंचे हॉस्पिटल

हॉस्पिटल में जैसे ही घायलों को लाना शुरू किया तो एक बारगी चीख पुकार मच गई। शुरूआत में सभी लोग अपने परिजनों की जानकारी लेते दिखे। नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता हेमराज चावला, पार्षद इमरान खान, रफीक खान नेता, पार्षद फारूख कलाल, इमरान देवड़ा, मनोज भारद्वाज, याकूब कुरैशी, वहीद बड़गुर्जर, नवाब शेख, अजहर खान, शकील मास्टर कुरैशी, पूर्व पार्षद मनसब खान, हनीफ खान एजेन्ट, अयूब तबाक, बल्लू मोची, डॉ. एहतेशाम खान, सोहेल कुरैशी सहित दर्जनों युवा समाजसेवी लोगो ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों की सार-संभाल की तथा उन्हें जरूरी चीजें मुहैया करवाई।

# रावता नाड़ी गोचर भूमी को प्रशासन की मौजूदगी कराया अतिक्रमण मुक्त



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लिचाणा में रावता की नाड़ी में रेवेन्यू टीम, पुलिस प्रशासन, तहसीलदार, लीचाणा सरपंच आदि की मौजदूगी में अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। लीचाणा सरपंच नानुराम फोजी के नेतृत्व में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक जेसीबी मशीन की सहायता से रावता की नाड़ी में खसरा नम्बर 24, 25, 26 में दिन भर रेवेन्यू टीम ने सीमा ज्ञान करवाया। साथ ही मौके पर चिन्हित कर पत्थर भी गाढे। दिन भर चली अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कई जगह विवाद भी हुआ पर पुलिस प्रशासन की सर्तकता के चलते आपसी समझौता से विवाद सुलझा दिया। लिचाणा सरपंच नानुराम ने बताया कि रावता नाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करा दिया है। तहसीलदार सतीश राव ने बताया कि कुचामन पुलिस जाप्ता, रेवेन्यू टीम नावां पंचायत समिति, लिचाणा सरपंच, कस्बे के गणमान्य नागरिको की मौजूदगी में सात घंटे की लम्बी कारवाई कर सम्बंधित भूमी कृषकों से आपसी समझाईस कर शांतिपूर्वक जेसीबी मशीन के सहयोग से रावता नाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करवाया।

# बकाया वसूली को लेकर डिस्कॉम सख्त

## सरकारी कार्यालयों के कनेक्शन काटने की तैयारी

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** बिजली विभाग डेगाना के विभिन्न उपभोक्ताओं में लगभग 12 करोड़ रूपये बकाया फंसे हुये है, जिनकी वसूली के लेकर विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, लेकिन विभाग के अधिकारियों को इसमे कोई सफलता नहीं मिल रही है। एक्सईएन सुभाष चौधरी ने बताया की विभाग द्वारा अपनी बकाया वसूली को लेकर विषेश अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आम उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली भी हो रही है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी सरकारी विभागों मे चल रहे पांच करोड़ की वसूली को लेकर समस्या आ रही है। इसकी वसूली के लिए सरकारी विभागों को बराबर नोटिस देकर बकाया जमा कराने की ताकीद की जा रही है परन्तु बजट का अभाव बताकर राशि जमा नही कराई जा रही है। इससे बिजली विभाग को आर्थिक घाटे से दो-चार होना पड़ रहा है।

### डिस्कॉम की दोहरी नीति से उपभोक्ता नाराज

जानकारी के अनुसार जिन आम उपभोक्ताओं में बिजली विभाग का बकाया है। उनके घरों पर विभाग के कर्मचारी जाकर बकाया वसूली करते है ओर नहीं देने पर विभाग के अधिकारियों के आदेश पर उनके विद्युत कनेक्सन भी काट दिये जा रहे है। जबकि दूसरी ओर सरकारी विभागों में डिस्कॉम का करोड़ों रूपया फंसा होने के बाद भी उन्हें केवल जरीय नोटिस के सूचना देकर इतिश्री कर ली जाती है। इस प्रकार से आम उपभोक्ताओं पर विभाग की जबरन वसूली ओर सरकारी महकमों पर पूरी तरह से मेहरबान होने से विभाग की इस दोहरी नीति के कारण आम उपभोक्ता नाराज है। शुक्रवार को नागौर डेली को दिये एक इन्टरव्यू में एक्सईएन सुभाष चौधरी ने जानकारी देकर बताया की डेगाना के सबसे बड़े सरकारी विभाग उपखण्ड कार्यालय पर 2 लाख 30 हजार बकाया है। जबकि तहसील कार्यालय डेगाना में विभाग का 6 लाख रूपया बकाया है। नगरपालिका डेगाना में भी 50 लाख से अधिक की राशि बाकि चल रही है तो जलदाय विभाग डेगाना मे सबसे ज्यादा 3 करोड़ के आस-पास बाकि है। इसी प्रकार से डेगाना पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों मे भी लगभग डेढ करोड रूपये बिजली विभाग के फंसे है, जिनकी वसूली के लिए विभाग के अधिकारी सरकारी कार्यालयों में रात दिन चक्कर लगा कर ऐडी चोटी का जोर लगा रहे है। बावजूद भी वसूली नही हो पा रही है। फिर भी उक्त बकायादारों के कनेक्सन नहीं काटना विभाग की दोगली नीति है। सरकारी विभागों के कनेक्सन नहीं काटे जाने पर एक्सईएन चौधरी ने बताया की इससे आम आदमी के कार्य प्रभावित होंगे ओर आम आदमी को परेशानी का सामना करना पडेगा इसलिए सरकारी विभागों के कनेक्सन नहीकाट कर वसूली के प्रयास किये जा रहे है।

# बकरी चोरी मामले में दो गिरफ्तार



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जसवंतगढ़ थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बकरी चोरी के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त किया है। जसवंतगढ़ थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के दिशा निर्देश में कार्रवाई करते हुए रीडलास निवासी पिथाराम जाट की तीन बकरियां चोरी कर ले जाने के मामले में विद्या प्रकाश पुत्र लालू राम जाति मेघवाल निवासी धोद व सुरेंद्र सिंह पुत्र रूपसिंह निवासी सारडी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बोलेरो वाहन भी जब्त की गई है। आरोपी ने लाडनूँ, डीडवाना, सुजानगढ़ व आसपास के सुनसान क्षेत्रों से बकरियां चुराकर अन्यत्र बेच देने का कार्य करना कबूल किया है।

# मनरेगा कार्य में अनियमितता व भ्रष्टाचार के जांच की मांग



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम पंचायत सोनेली के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच पर मनरेगा कार्यो में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को पंचायत समिति पहुंचकर ग्राम विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत में होने वाले मनरेगा कार्यो में हो रहे अनियमितता ओर भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा पिछले 2 वर्षों से महानरेगा कार्य नहीं चलाया जा रहा है और सरपंच द्वारा हर पखवाड़े में मस्टरोल जारी करवाया जा रहा, जिससे अब तक लगभग 2 करोड़ रुपये राशि का गबन हो चुका है एवं ग्राम पंचायत के एवाद गांव के सभी जॉब कार्ड सरपंच द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे है। ग्राम पंचायत में होने वाले ग्रेवल सड़क कार्य मे सभी कार्य मशीनीकरण के द्वारा करवा कर फर्जी तरीके से मस्टरोल भरा जा रहा है। एवं गाँव मे चल रहे खुरा निर्माण में भी ग्राम पंचायत द्वारा घटिया निर्माण सामग्री के ब्लॉक इस्तेमाल किये जा रहे है।

# खीवंसर के डहेरु गांव में लाखों की चोरी

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर पुलिस थाना क्षेत्र के डेहरु गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात को घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं घटना के बाद स्थानीय खींवसर पुलिस मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। परिजन सहदेव राम ने बताया कि गुरुवार रात को पेशाब करने के लिए उठा तब बाहर से दरवाजा बंद था। फिर अपने भाई हरेंद्र को फोन कर उठाया। दरवाजा खोलने पर घर के अंदर देखा तब एक कमरे का दरवाजा खुला था जिसका सामान बिखरा हुआ था। इस कमरे में सहदेव की पत्नी के गहन व नगदी रखी थी। अज्ञात चोरों ने 35000 की नगदी व चांदी के आभूषण सहित चुरा कर ले गए। अज्ञात चोरों ने करीब लाखों रूपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल इस पूरे प्रकरण को लेकर खींवसर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्राइवेट एम्बुलेंस एसोसिएशन ने की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की मांग

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना उपखंड अधिकारी जेपी बेरवा को शुक्रवार को प्राइवेट एंबुलेंस एसोसिएशन मकराना के पदाधिकारियों ने शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्राइवेट एंबुलेंस एसोसिएशन मकराना के अध्यक्ष बजरंग सिंह मन्डोवरी ने बताया कि मकराना शहर से विभिन्न हॉस्पिटल से एंबुलेंस से गंभीर मरीजों को रेफर कर ले जाने पर तेज गति से चलाना पड़ता है, जिससे बदहाल सड़कों की स्थिति की वजह से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है तथा मरीज की जान बचाने को लेकर भी समय अवधी पर पहुंचाना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान को खतरा बना रहता है। अधिकांश टंकी चौराहे से मंगलाना तक क्षतिग्रस्त सड़कें हैं। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। इस मौके पर सचिव श्रवण राम चौधरी, कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल सोलंकी, महामंत्री कानाराम चोधरी, मोहम्मद इमरान, प्रकाश गावड़िया, गजेंद्र सिंह, गोगा राम, अमजद रांदड़ आदि मौजूद थे।

# शिक्षा ही तरक्की का सबसे बेहतरीन माध्यम है : डूडी

अली शेर खान



**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में शुक्रवार दोपहर को डीडवाना विधायक चेतन सिंह डूडी ने आइक्यू ट्रस्ट के कार्यालय में एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान आइक्यू ट्रस्ट की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर आइक्यू ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद अशरफ बरकाती ने ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ट्रस्ट के सचिव मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही ने विधायक चेतन सिंह डूडी का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया एवं वर्तमान समय में शिक्षा के बढ़ावा को लेकर आइक्यू ट्रस्ट की आवश्यकता क्यों पड़ी इसके बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां पर एक ही छत के नीचे सभी विषयों पर आधारित शिक्षा का संचार किया जाएगा। इस मौके पर बोलते हुए डीडवाना विधायक चेतन सिंह डूडी ने कहा कि शिक्षा ही तरक्की का एकमात्र उपाय है। शिक्षा के बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है, आइक्यू ट्रस्ट समाज में शिक्षा के नए आयाम पैदा करेगा। शिक्षा से ही इंसान के मूल्यों का पता चलता है। आइक्यू ट्रस्ट के लिए जिस प्रकार से भी सहयोग की जरूरत रहेगी किया जाएगा। मुझे खुशी हो रही है कि राजस्थान का पहला दक्षिण पैटर्न आधारित स्कूल मेरे विधानसभा क्षेत्र के शेरानी आबाद गांव में बनने जा रहा है। हम सबको इसमें सहयोग करते हुए इसको आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य हरिराम गकुरड़िया, मुस्ताक खान, इब्राहिम खान व्याख्याता, हाफिज मोहम्मद हुसैन, मौलाना शहादत अली, खलील अहमद, लुकमान खान, जान मोहम्मद, हुसैन खान, मोहम्मद अली खान, अलाउद्दीन खान, मोहम्मद अशरफ, शेर मोहम्मद, मोहम्मद खान, रसूल खान, इकबाल खान, गनी मोहम्मद,नफीस अहमद,अहमद अली,अली मोहम्मद सहित ग्रामीण व आईक्यू ट्रस्ट से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित, 172 यूनिट रक्त संग्रहित



पुखराज तानाण

**छोटी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** छोटी खाटू कस्बे के जीवन रक्षा हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। डॉ. दिलीप चौधरी ने बताया कि जीवन रक्षा हॉस्पिटल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस मौके पर विधापति ब्लॅड बैंक अजमेर और राजकीय बांगड़ चिकित्सालय की टीम ने 172 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया। इस दौरान चिकित्सको ने युवाओं को रक्तदान को लेकर जानकारी उपलब्ध करायी गयी। चिकित्सक दिलीप चौधरी ने बताया कि रक्तदान, रक्तदाता के शरीर और मन दोनों पर बहुत अच्छा प्रभाव डालता है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com